नया संस्करण

बजट 2015 ओंटेरियो के इतिहास में सबसे बड़ा ढांचागत निवेश कर रहा है

सरकार ओंटेरियो का आगे निर्माण कर रही है, अर्थ व्यवस्था को आगे बढ़ा रही है और रोजगार सृजन कर रही है

23 अप्रैल, 2015

वित्त मंत्री (Finance Minister) Charles Sousa ने आज *बजट 2015* को जारी किया, जो अर्थ व्यवस्था के विकास एवं नए रोजगार पैदा करने के लिए अप्रत्याशित ढांचागत निवेश करना संभव बनाता है।

यह बजट उन महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को बनाए रखते हुए, जिन पर परिवार एवं समुदाय निर्भर करते हैं, अर्थव्यवस्था का विकास करने के लिए अधिक अभिनव तरीकों का पता लगाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर काम करता है। इसमें ओंटेरियो के इतिहास में सबसे बड़े बुनियादी ढांचागत निवेश का समर्थन करने के लिए प्रांतीय परिसंपत्तियों के मूल्य को इष्टतम करना शामिल है।

प्रांत, सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए ओंटेरियो की मजबूत प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए ग्राहकों की सुविधा एवं विकल्प में बढ़ावा करने के लिए किराना स्टोरों में बियर की बिक्री की भी शुरुआत कर रहा है।

ओंटेरियो का 2015–16 में $8.5 बिलियन के घाटे का अनुमान है जो कि *बजट 2014* के पूर्वानुमान से कम है और जो वैश्विक मंदी की शुरुआत होने से अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। प्रांत 2016-17 के लिए $4.8 बिलियन के घाटे के पूर्वानुमान के साथ संतुलन के मार्ग पर एक विचारशील एवं समझदार दृष्टिकोण अपनाना जारी रखेगा और 2017-18 तक संतुलन पर वापस लौट जायेगा। सरकार की चार भागों वाली योजना लोगों की प्रतिभाओं एवं दक्षताओं में निवेश करके, सड़क एवं परिगमन जैसी सार्वजानिक ढांचागत सुविधाओं का निर्माण करके, एक ऐसा गतिशील, अभिनव वातावरण तैयार करके जहाँ कारोबार के लिए प्रयास किया जाता है, तथा एक सुरक्षित सेवानिवृत्ति बचत योजना तैयार करके ओंटेरियो का आगे निर्माण कर रही है।

ओंटेरियो की ढांचागत सुविधाओं का निर्माण कर रहा है

भविष्य की आवश्यकताओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल तथा मार्ग एवं परिगमन आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सार्वजनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का नवीनीकरण एवं विस्तार ओंटेरियो के उद्योगों का समर्थन करता है, रोजगार पैदा करता है तथा ओंटेरियो को वैश्विक अर्थव्यवस्था में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए स्थापित करता है। जब ओंटेरियो निवेश करता है, तो इसका निर्माण होता है - और जब इसका निर्माण होता है, तो यह विकास करता है। *बजट 2015* दस वर्षों में सार्वजनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं पर $130 बिलियन से भी अधिक अप्रत्याशित निवेश करने की ओंटेरियो की योजना को जारी रखता है और उसका विस्तार करता है। इसमें शामिल है :

- 10 वर्षों में कुल $31.5 बिलियन के लिए मूविंग ओंटेरियो फॉरवर्ड (Moving Ontario Forward) हेतु $2.6 बिलियन तक समर्पित धनराशि की बढ़ोत्तरी करना - ग्रेटर टोरंटो एवं हैमिल्टन क्षेत्र [Greater Toronto and Hamilton Area (GTHA)] में परिगमन परियोजनाओं में लगभग $16 बिलियन तथा GTHA के बाहर परिवहन एवं अन्य प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए लगभग $15 बिलियन उपलब्ध यह वृद्धि प्रांत की परिसंपत्ति योजना से उच्चतर लक्ष्य के कारण है; और

- सड़क, पुल, सार्वजनिक परिवहन, जल प्रणाली, अस्पताल एवं स्कूल जैसी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं पर 2015-16 में $11.9 बिलियन का एक नियोजित निवेश।

सरकार अपनी परिसंपत्तियों के मूल्य को मुक्त करने की योजना तथा इससे होने वाली शुद्ध आय को ट्रिलियम ट्रस्ट (Trillium Trust) के माध्यम से ओंटेरियो की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा रोजगार सृजन को बढावा देने के लिए सार्वजनिक परिगमन, परिवहन एवं अन्य प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं में फिर से निवेश करने की योजना के साथ आगे बढ़ रही है। मूविंग ओंटेरियो फॉरवर्ड (Moving Ontario Forward) के लिए समर्पित धनराशि में बढ़ोत्तरी करने से प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में तेजी आएगी और नयी परियोजनाएं धारा में आने में सक्षम होंगी। परिसंपत्ति इष्टतमीकरण योजना में शामिल है :

- Hydro One स्वामित्त्व का वृहदीकरण करना ताकि टिकाऊ सार्वजनिक लाभ तथा जारी सार्वजनिक एवं करदाता संरक्षणों को तैयार किया जा सके।

- बिक्री के लिए मुख्य स्थान पर स्थित रियल इस्टेट परिसंपत्तियों की समीक्षा करना।

<u>रोजगार सृजन के लिए व्यवसाय के साथ साझेदारी</u>

ओंटेरियो उच्च वेतन भुगतान करने वाले रोजगारों का सृजन करना जारी रखे है। जून 2009 में मंदी से होने वाले निम्नस्तर के बाद रोजगार में फिर से मजबूत तेजी आई है जिसमें आधे मिलियन शुद्ध नए रोजगार सृजित हुए हैं - जिनमें से तीन चौथाई ऐसे उद्योगों में हैं जो औसत से अधिक पारिश्रमिक देते हैं। प्रांत ने वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद से खोये गए सभी रोजगारों को फिर से बहाल किया है। ये उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार ओंटेरियो के सभी निवासियों के लिए वित्तीय स्थिरता पैदा करते हुए तथा समृद्धि सुरक्षित करते हुए निजी विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराते हैं।

बजट 2015 निम्न के द्वारा ओंटेरियो की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना जारी रखता है :

- उत्पादकता में वृद्धि करते हुए, अभिनवता को बढ़ाते हुए, निर्यातों का विकास करते हुए तथा रोजगारों का सृजन करते हुए, अधिक व्यवसायों के साथ साझेदारी के लिए 10 वर्ष, $2.5 बिलियन रोजगार एवं समृद्धि कोष (Jobs and Prosperity Fund) के लिए वित्त पोषण में वृद्धि करना। *बजट 2015* घोषित करता है कि 2015-16 में शुरुआत करके वित्तपोषण को कुल $200 मिलियन तक बढ़ाया जायेगा, जिसमें अगले 10 वर्षों में वित्त पोषण में $2.7 बिलियन की वृद्धि होगी तथा वानिकी क्षेत्र के लिए पात्रता का विस्तार होगा।

- मार्च 2016 से भी आगे जारी रखते हुए पात्र विशाल उत्तरी औद्योगिकीय सुविधाओं के लिए विद्युत कीमत निर्धारण सहयोग जो रोजगारों का रखरखाव करता है तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा करता है।

- एक संपन्न आर्थिक भविष्य एवं समृद्ध समाज सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में जलवायु परिवर्तन से निपटना। ओंटेरियो अपनी कार्बन मूल्यनिर्धारण प्रणाली के रूप में एक सीमा एवं विनिमय प्रणाली के साथ आगे बढ़ेगा। एक सीमा एवं विनिमय कार्यक्रम से प्राप्त मुनाफे को मुख्य प्राथमिकताओं की तरफ निर्देशित किया जाएगा जिससे ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी।

<u>उच्च दक्षतायुक्त कार्यबल विकसित कर रहा है</u>

ओंटेरियो की सबसे बड़ी ताकत उसके लोग हैं। आज लोगों में निवेश करके और उचित कौशल एवं उचित रोजगार पाने के लिए ओंटेरियो निवासियों के लिए आवश्यक सहारा प्रदान करके सरकार कल की मजबूत अर्थव्यवस्था तैयार कर रही है। बजट उपायों में शामिल हैं :

- प्रीस्कूल से लेकर पूर्णदिवसीय किंडरगार्टन तक होते हुए पोस्ट सेकेंडरी शिक्षा तथा वाणिज्य एवं अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों तक व्यावहारिक शिक्षण पायलट कार्यक्रम जैसे अभिनवों के साथ शिक्षा तथा दक्षता कौशल में सुधार जारी रखना।

- दो वर्षों में ओंटेरियो यूथ जॉब्स स्ट्रेटेजी (Ontario Youth Jobs Strategy) में अतिरिक्त $250 मिलियन का निवेश करना जिससे युवा रोजगार कार्यक्रम में निवेश $565 मिलियन से अधिक हो जाए।

- छात्रों के लिए वित्तीय सहायता को सशक्त बनाने के लिए ओंटेरियो स्टूडेंट असिस्टेंस प्रोग्राम (Ontario Student Assistance Program) का आधुनिकीकरण करना।

<u>जिम्मेदारी के साथ प्रबंधन करना</u>

सरकार के पास मजबूत राजकोषीय प्रबंधन का साबित किया हुआ ट्रैक रिकार्ड है। 2010-11 से प्रांत ने 1.5 प्रतिशत तक खर्च करके कार्यक्रम में औसत सालाना विकास को बनाए रखा है, जो कि किसी महत्वपूर्ण सेवा में कटौती किए बिना मुद्रास्फीति की दर में नीचे है।

बजट 2015 राजकोषीय संतुलन की दिशा में निम्न के द्वारा और अधिक आगे बढ़ रहा है :

- बहु-वर्षीय नियोजन एवं बजट निर्धारण के लिए कार्यक्रम समीक्षा, नवीनीकरण और रूपांतरण [Program Review, Renewal and Transformation (PRRT)] को जारी रखना, जो कि मूलरूप से नया तरीका है। यह कार्यक्रमों एवं सेवाओं का रूपांतरण करने के लिए अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक, दोनों अवसरों की पहचान कर रहा है, तथा उन कार्यक्रमों को समाप्त करने का एक कड़ा विकल्प अपना रहा है जो निष्पादन नहीं कर रहे हैं, मुख्य प्राथमिकताओं से नहीं जुड़ते हैं या किसी सार्वजनिक हित को स्पष्ट रूप से पूरा नहीं करते हैं। 2014-15 के लिए, ऐसी अनेक पहलों के माध्यम से $250 मिलियन की कार्यक्रम समीक्षा बचत का लक्ष्य प्राप्त किया गया जिन्होंने दक्षताओं की पहचान की, अग्रणी सेवाओं को प्रभावित किए बिना लागतों में कटौती की या उनके प्रशासनिक उपरिव्यय को घटाया। 2015–16, 2016–17 और 2017–18 प्रत्येक वर्ष के लिए कार्यक्रम समीक्षा बचतों का लक्ष्य $500 मिलियन हैं।

- मध्यम अवधि के लिए कार्यक्रम व्यय वृद्धि का प्रबंधन करना जिसका 2013-14 तथा 2017-18 के बीच औसत 0.9 होने का अनुमान लगाया गया है।

    - स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल खर्च के प्रति वर्ष 1.9 प्रतिशत बढ़ने, शिक्षा क्षेत्र में कुल खर्च के प्रति वर्ष 2.0 प्रतिशत बढ़ने, बाल एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में कुल खर्च के प्रति वर्ष 2.9 प्रतिशत बढ़ने तथा न्याय क्षेत्र में कुल खर्च के प्रति वर्ष 1.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

    - पोस्ट सेकेंडरी एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में खर्च मुख्यतः अपरिवर्तित रहेगा तथा अन्य सभी कार्यक्रमों में खर्च में प्रति वर्ष 5.5 प्रतिशत कमी होने का अनुमान है।

- ओंटेरियो के मौजूदा रोजकोषीय ढांचे के भीतर ओंटेरियो सार्वजनिक सेवा (Ontario Public Service) तथा वृहद सार्वजनिक क्षेत्र के साथ सामूहिक करारों पर बातचीत जारी रखना, जिसमें वेतन वृद्धि के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण शामिल नहीं है। किसी मामूली वेतन वृद्धि को नियोक्ताओं के पास मौजूदा उपलब्ध वित्तपोषण के भीतर अन्य उपायों से प्रभावहीन किया जाना जाहिए ताकि एक शुद्ध शून्य करार तैयार किया जा सके।

- o जुलाई 2012 से ओंटेरियो के प्रांतीय सार्वजनिक क्षेत्र में औसत सालाना सहमति प्राप्त वेतन वृद्धि 0.6 प्रतिशत रही है। यह ओंटेरियो के नगर निगम सार्वजनिक क्षेत्र (1.9 प्रतिशत), ओंटेरियों में संघीय सार्वजनिक क्षेत्र (1.7 प्रतिशत) और ओंटेरियो के निजी क्षेत्र (2.0 प्रतिशत) से कम है।

- कारोबार में समान स्तरीय कार्य-स्थल तैयार करने में मदद के लिए भूमिगत अर्थव्यवस्था से मुकाबला करना ओंटेरियो में सालाना आर्थिक गतिविधि में $15 बिलियन होने का अनुमान है। प्रांत इसे जानकारी एवं विश्लेषकों के बेहतर संग्रहण, निषिद्ध तंबाकू को सम्बोधित करने के लिए तरीकों को बढ़ाने, तथा कॉर्पोरेट कर से बचने में कमी करके प्राप्त कर रहा है। प्रांत इलेक्ट्रॉनिक बिक्री दमन प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करने, निर्माण करने या उनका वितरण करने का भी प्रस्ताव करेगा।

उद्धरण

"ओंटेरियो का बजट 2015 प्रांत के वित्तों पर एक रिपोर्ट से कहीं अधिक है। यह पूरे प्रांत में लोगों के जीवन की गुणवत्ता का संरक्षण करने, उसकी सुरक्षा करने तथा उसमें वृद्धि करने के बारे में है। ओंटेरियो आधुनिक अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बुनियादी ढांचागत एवं सार्वजनिक परिगमन निवेशों के माध्यम से कनाडा की अगुवाई करने के लिए तैयार है जो कि न केवल माल को बाजार में तेजी से लाएगा तथा लोगों को कार्यस्थल से अपने घर सुरक्षित लाएगा, अपितु ओंटेरियो को प्रतिस्पर्धात्मक, अधिक उत्पादक बनाएगा।
यह बजट लोगों के कौशल और प्रशिक्षण में निवेश करने, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण का समर्थन करने, सुरक्षित सेवानिवृत्ति को पोषित करने तथा हमारे कार्यक्रम व्यय को प्रबंधित करने की रूपरेखा तैयार करता है। ओंटेरियो 2017-18 तक अपने बजट को संतुलित करने के लिए मार्ग पर है और हम ऐसा ऐसे तरीके से करेंगे जो निष्पक्ष एवं जिम्मेदार दोनों हो।"

- Charles Sousa, वित्त मंत्री (Minister of Finance)

त्वरित तथ्य

अधिकतर निजी क्षेत्र के भविष्यवक्ता पूर्वानुमान लगाते हैं कि ओंटेरियो की अर्थव्यवस्था का आगामी दो वर्षों में प्रत्येक में प्रांतीय विकास अग्रणियों में स्थान होगा।

- सरकार ने 2013-14 में 3,80,000 से भी अधिक छात्रों की मदद करते हुए छात्र अनुदानों तथा ऋणों में $1.3 बिलियन से भी अधिक उपलब्ध कराए हैं।
- एंप्लॉयमेंट ओंटेरियो (Employment Ontario) नैटवर्क ने 2013-14 में लगभग एक मिलियन ओंटेरियो निवासियों की मदद की है, जिसमें पूरे ओंटेरियो में 150,000 से अधिक नियोक्ता शामिल हैं।
- 1 जून, 2014 को घंटे की न्यूनतम मजदूरी बढ़कर $11 हो गयी। यह अक्टूबर 2015 में बढ़कर $11.25 हो जाएगी।

अधिक जानें

ओंटेरियो बजट 2015 पढ़ें

बजट भाषण पढ़ें

ओंटेरियो बजट 2015 के मुख्य अंश पढ़ें

ओंटेरियो बजट 2015 पर पृष्ठभूमि जानकारी पढ़ें

- ओंटेरियो ढांचागत सुविधाओं का निर्माण करना

- रोजगार सृजन के लिए व्यवसाय के साथ साझेदारी
- उच्च दक्षतायुक्त कार्यबल विकसित करना
- समस्त ओंटेरियो निवासियों के लिए एक निष्पक्ष समाज में निवेश करना
- राष्ट्रीय नेतृत्व - मजबूत ओंटेरियो, मजबूत कनाडा
- समस्त ओंटेरियो निवासियों के लिए सेवानिवृति सुरक्षा को मजबूत बनाना
- ओंटेरियो का आगे निर्माण करने के लिए मूल्य को इष्टतम करना

सरकारी परिसंपत्तियों पर प्रीमियर सलाहकार परिषद् की अंतिम सिफारिशों को पढ़ें

मीडिया पूछताछ के लिए -
Kelsey Ingram, मंत्री का कार्यालय (Minister’s Office),
416-326-1409
Scott Blodgett, वित्त मंत्रालय (Ministry of Finance),
416-325-0324

Ontario.ca/budget
Disponible en français

सार्वजनिक पूछताछ के लिए फोन करें :
1-800-337-7222
TTY: 1-800-263-7776